# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024


करवा चौथ की मंगलकामनाएं





मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज... लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायबः** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।



**मूड बन जाए बेहतरः** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।

**दूसरों को मिलती है खुशीः** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगीः** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेजः** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

## मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप
डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भावः** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

**साथ बने रहने की सोचः** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।



**जीवन संवारने वाला भरोसाः** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे
केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन

प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

– गोविंद भारद्वाज



## सम्मान

आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'

आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *


–शीला श्रीवास्तव



पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




पत्रिकाः इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), संपादकः संजय कुमार गर्ग, मूल्यः 75 रुपए, प्रकाशकः हिंदी अकादमी, दिल्ली

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 समाज में बदलाव लाने के तरीकों पर हुई चर्चा



14 लक्ष्मी पूजन की तारीख को लेकर संशय





## खबर संक्षेप

### सांकरा में आज रक्तदान शिविर

**सांकरा।** आचार्य नानेश के 25 वें स्मृति दिवस एवं आचार्य रामेश के पदरोहन दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम सांकरा के मानस भवन में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । प्रत्येक रक्तदाता को संघ द्वारा हेलमेट प्रदान किया जाएगा।

### प्रारंभिक शिक्षा वर्ग खंड का समापन 21 को

**नगरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक खंड नगरी का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग खंड 18 अक्टूबर से आरंभ हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी व्यक्तित्व निर्माण पर स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसका समापन 21 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर जंगलपारा नगरी में होगा।

### 22 और 29 को सेलून दुकानें खुली रहेंगी

**धमतरी।** जिले की समस्त सेलून दुकानें 22 अक्टूबर मंगलवार एवं 29 अक्टूबर मंगलवार को धनतेरस पर खुली रहेगी। इस दौरान सेलून संचालकगण अपनी दुकानों की साफ सफाई, रंगाई, पुताई एवं व्यवसायिक कार्य कर सकते हैं। गांवों में कार्यरत सामाजिक सदस्य गंवई (हजामत) का कार्य कर सकते हैं। त्योहार के पश्चात आगामी मंगलवार से सभी सेलून दुकानें एवं गंवई कार्य पूर्व की भांति प्रत्येक मंगलवार को बंद रहेगा। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज रायपुर सम्भाग के अध्यक्ष खिलावन श्रीवास ने दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने कमरे के सिलिंग पर लगे हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी निवासी लक्ष्मण ध्रुव पिता सुन्दर उम्र 23 वर्ष मजदूरी करता था। युवक शुक्रवार को काम में नहीं गया था। वह मिस्त्री के साथ उसके घर में काम कर रहा था। तब पिता ने युवक को घर जाकर घरेलू काम करने के लिए कहा। युवक घर आकर अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। दोपहर में उसकी पत्नी ने ससुर को इसकी जानकारी दी। पिता ने पैर मारकर दरवाजा खोला। इस दौरान युवक गमछे के फंदे पर सिलिंग पर लगे लोहे के हुक में फांसी पर लटका हुआ था। जीवित होने की संभावना के चलते परिजनों ने युवक को फंदे से नीचे उतार उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### विकास कार्य के लिए नगरी को मिली डेढ़ करोड़ की स्वीकृति

**नगरी।** वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साहू साव ने नगर विकास के लिए डेढ़ करोड़ की राशि आवंटित की है। इससे नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में विकास के नए आयाम लिखे जायेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के प्रयास से नगर पंचायत नगरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13 विकास कार्य के लिए 148.72 लाख स्वीकृत हुए। राशि स्वीकृत होने पर अध्यक्ष आराधना नागेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, सभापति भूपेंद्र साहू, अश्वनी निषाद ,पूनम बलजीत छाबड़ा, सुनील निर्मलकर, ललिता, रेखू साहू, विनीता, संत कोठारी, प्रकाश पुजारी ने शासन का आभार व्यक्त किया।

# धमतरी में खुलेगा मेडिकल कालेज, जमीन तलाशें : स्वास्थ्य मंत्री

- प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा, सांसद रूपकुमारी चौधरी ने जिले में मेडिकल कालेज खोलने स्वास्थ्य मंत्री से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी में मेडिकल कालेज खोलने की प्रारंभिक तैयारी शुरु हो गई। इस दिशा में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रयास करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से राजधानी रायपुर में चर्चा की। बैठक में प्रारंभिक स्तर पर जमीन की तलाश करने कहा गया, जिसमें नेता द्वय ने मुजगहन, परेवाडीह, बलियारा, भानपुरी गांव के खाली प्लाट की ओर इंगित किया। यहां की जमीन शहर से नजदीक होने के




साथ सड़क की सुविधा भी मिलेगी। मेडिकल कालेज के लिए 25 एकड़ जमीन चाहिए, जो उपयुक्त गांवों में मिल सकती है।

श्री रोहरा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कालेज खोलने शासन स्तर पर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। मंत्री का कहना है कि जमीन उपलब्ध होने के बाद मुख्यमंत्री से चर्चा पश्चात भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की जाएगी। धमतरी में मेडिकल कालेज खोलने छग शासन की ओर से प्रस्ताव पेश किया जाएगा। श्री रोहरा ने बताया कि जमीन के लिए उक्त चारों गांव के किसी एक गांव की जमीन का चिन्हांकन किया जाएगा।

विदित हो कि धमतरी में लंबे समय से मेडिकल कालेज की मांग की जा रही है। इसके लिए शासन स्तर पर कई बार चर्चा हो चुकी है। जिले के पड़ोसी जिले कांकेर और महासमुंद में मेडिकल कालेज खुल गया है। केंद्र सरकार ने भी हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद धमतरी में मेडिकल कालेज खोलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### बिहान, रीपा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं में फूंके गए करोड़ों रूपए

# महिलाओं को सशक्त बनाने का सिस्टम हुआ फेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महिला सशक्तिकरण के तमाम उपाय के बाद भी महिलाओं को सशक्त बनाने का सिस्टम फेल है। बिहान और रीपा जैसी योजनाओं में करोड़ों रूपए फूंकने के बाद भी ढांक के तीन पांत ही नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि सरकार बदलने, नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना के बंद होने से महिला सशक्तिकरण को बड़ा झटका लगा है।

धमतरी तहसील के ग्राम भटगांव के प्रभारी सरपंच दुर्गेश देवांगन ने बताया कि उनके गांव की महिलाओं को सशक्त बनाने सालों से प्रयास हो रहा है। लगभग 15 साल पहले तत्कालीन कलेक्टर संगीता पी. ने सेनेटरी नेपकीन बनाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया और इस कार्य के लिए सामग्री, मशीनें, भवन उपलब्ध कराया। कुछ सालों के बाद यह उद्योग बंद हो गया। इसके बाद बिहान के तहत मुर्गी पालन, बकरी पालन, कम्पोस्ट खाद निर्माण के लिए महिला समूहों को सभी प्रकार की व्यवस्था



दी गई। योजना के तहत मिली मुर्गी को पालकर बेचने के बाद पुनः मुर्गी पालन का काम बंद हो गया। आज मुर्गी पालन के लिए बनाए गए शेड मुर्गियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बकरा पालन का कार्य सामूहिक से एकल हो गया है। सरपंच श्री देवांगन ने बताया कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भटगांव में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क रीपा के तहत गोबर से पेंट तैयार करने की मशीन स्थापित की गई । सालभर से मशीन धूल खा रही है। इसकी जांच में रायपुर से उच्चाधिकारियों की टीम भी पहुंची,लेकिन आगे क्या हुआ, इसकी कोई खबर नहीं है। अब तो गोबर खरीदी भी बंद हो गई है।

जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्लांट की जांच के लिए संचालक मंडल रायपुर से टीम पहुंची थी। जांच में मशीन कम्पलीट नहीं है। कांट्रेक्टर से लगातार संपर्क में है। मशीनों को रनिंग कंडीशन में लाने कहा गया है। मशीन शुरु होने पर महिला समूह को प्रशिक्षण दिया जाएगा। गोबर से पेंट बनाने के लिए पहली प्राथमिकता महिला समूह को दी जाएगी।

### 41 हजार के फेर में फंसा लेमन ग्रास समूह

भटगांव में चार एकड़ क्षेत्र पर लेमनग्रास की फसल लेकर महंगा तेल तैयार करने वाली जय भवानी महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने शुरूआती दौर में सक्सेस की खूब कहानी बताई लेकिन अब वे निराश हैं। पहले समूह की महिलाएं लेमनग्रास की फसल लेने के अलावा फूल, साग, सब्जी की भी फसल लेती थीं। समूह अध्यक्ष किरणलता बताती हैं कि रीपा के तहत इंडस्ट्रीयल पार्क लगाने के दौरान तार घेरा किया गया था। उसे तोड़फोड़ दिया गया है। मवेशियों के कारण साग सब्जी की फसल चौपट हो जाती है। वहीं मुरूमवाली जमीन होने से उद्यानिकी फसल कम होती है। उन्होंने बताया कि लेमनग्रास के काम में फायदा मिला। लेमनग्रास का पौधा बेचने के साथ उसका तेल भी बना रही हैं। कुछ गांव में लेमनग्रास की फसल लेने वाले तेल बनाने के लिए उनके पास आते हैं। उन्होंने बताया कि समूह तब से निराश हो गई है जबसे एसबीएम के लोग विभिन्न ग्राम पंचायत में लेमनग्रास का पौधा लगाने 82 हजार नग पौधे 50 पैसे के हिसाब से ले गए। इसके 41 हजार रूपए समूह को अब तक नहीं मिले। पैसे के लिए अधिकारी अब टालमटोल कर रहे हैं, लेकिन ग्रास तेल का काम अब पार्टटाइम हो गया है।

# मड़ेली स्कूल में चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



एक छात्र पर चाकू से हमला करने के बाद शिक्षक से की थी मारपीट

बिरेझर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम मड़ेली के स्कूल में घुसकर एक छात्र पर चाकू से हमला करने व बीचबचाव करने पहुंचे शिक्षक पर जानलेवा हमला करने वाले एक आरोपी को बिरेझर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम जरवायडीह निवासी दिलीप पाल पिता बाबूलाल 57 वर्ष बेटी नाती को बचपन से अपने पास रख पालन पोषण कर रहा है। उसका नाती मड़ेली स्कूल में कक्षा 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। 16 अक्टूबर बुधवार की सुबह छात्र पढ़ने के लिए स्कूल गया था। लंच के समय छात्र अपने सहपाठियों के साथ स्कूल के सामने स्थित लुमन ठेला में मिक्चर खा रहे थे। इसी दौरान मड़ेली के राजेंद्र उर्फ बिट्टा और उसके दोस्त राहुल साहू ठेला के पास पहुंचकर छात्र से शराब लाने के लिए कहा। मना करने पर दोनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरु कर दिया। यह देख छात्र का दोस्त लोकेश ध्रुव व शिक्षक हीरालाल साहू तथा रूस्तमसिंह बीचबचाव करने आ गए। दोनों युवकों ने उन्हें भी गालियां दे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। इसी दौरान राहुल साहू ने अपने पास रखे धारदार चाकू से लोकेश के बायें हाथ को घायल कर दिया। नाती द्वारा घटना की जानकारी देने पर नाना दिलीप पाल ने बिरेझर चौकी में शिकायत दर्ज कराई । पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा 296/ख, 115/2, 351/3, 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में शुरु कर दी। घटना के बाद आक्रोशित स्कूली छात्राओं ने स्कूल के गेट में ताला जड़कर नारेबाजी की। पुलिस ने छात्र को चाकू से घायल करने व शिक्षक पर जानलेवा हमला करने वाले एक आरोपी विष्णु साहू उर्फ राहुल मोतीनगर रायपुर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की कार्रवाई जारी है। दूसरे आरोपी राजेंद्र उर्फ बिट्टा की तलाश कर रही है।

# पुरी मोड़ में सड़क पर घायल मिला युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाईवे में एक युवक गंभीर रूप से घायल मिला। उसे संजीवनी 108 ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। युवक को गंभीर चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को संजीवनी 108 को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि पुरी मोड़ के पास एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा है। सूचना पर एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पर एक युवक लहूलुहान पड़ा था। उसके सिर पर चोट लगी थी। उसका हाथ भी फ्रेक्चर हो गया था। युवक की हालत देख किसी अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मारे जाने की संभावना जताई गई। संजीवनी कर्मियों ने घायल को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया। सिर में चोट

- अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मारने की संभावना



ज्यादा लगने के कारण लगातार ब्लड निकल रहा था। एम्बुलेंस में ही युवक का प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। युवक ने अपना नाम मुकेश बताया। तत्काल मेडिकल सुविधा मिल जाने से घायल की हालत में कुछ सुधार आने पर अपना गांव डाही बता पाया। अस्पताल चौकी पुलिस घटना की सूचना देने उसके परिजनों की तलाश में जुट गई। काफी कोशिश के बाद युवक नाम मुकेश पटेल पिता आशाराम ग्राम डाही थाना कुरूद निवासी की जानकारी मिली। गांव में संपर्क करने पर पता चला कि घायल युवक अपने परिवार के साथ धमतरी में किराए के मकान में रहकर बिरयानी सेन्टर में काम करता है। चौकी पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। घटना में युवक की हेड इन्ज्यूरी हुई है। उसका उपचार अस्पताल में जारी है।


ग्यारह सौ का काटा गया चालान

# बैंक मैनेजर की कार में लगा था सायरन व नीली बत्ती, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड से गुजर रही कार में सायरन व नीली बत्ती लगी हुई थी। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने कार को रूकवाकर चेक किया तो वह वाहन बैंक मैनेजर का निकला। पुलिस ने तत्काल सायरन व बत्ती को निकलवाकर चालक को ग्यारह सौ रूपये का चालान थमा दिया।

कुछ लोग फैशन के चलते व ट्रेफिक नियमों से बचने के लिए अपने वाहनों में नीली बत्ती, सायरन लगवा लेते हैं। यही नहीं अपने वाहन में सीजी गवर्नमेन्ट लिखवाकर बड़े मजे से चलते हैं जबकि नीली बत्ती व सायरन लगाने का अधिकार पुलिस वाहन, एम्बुलेंस सहित शासन-प्रशासन को ही है। कुछ इसी









तरह का मामला शुक्रवार की रात्रि गोकुलपुर के लक्ष्मी निवास चौक के पास सामने आया। यातायात डीएसपी स्टाफ के साथ रात्रि में गश्त पर निकले थे। इसी दौरान रूद्री रोड से एक सफेद कलर की इनोवा कार क्रमांक सीजी 04 एवाय 0728 गुजर रही थी। कार की छत पर सायरन व नीली बत्ती लगी हुई थी। वहीं कार के पीछे की ग्लास में बकायदा सीजी गवर्नमेन्ट लिखा हुआ था। खिड़कियों की ग्लास में काली फिल्म भी चढ़ी हुई थी। संदेह होने पर यातायात डीएसपी ने कार को रोककर चेक किया। कार में अकेला चालक सवार था। कागजात की जांच करने पर वह कार रायपुर के एक बैंक मैनेजर की निकली जिन्हें अपनी कार में सायरन व बत्ती लगाने की पात्रता नहीं है। डीएसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही कार की छत में लगे सायरन, नीली बत्ती को निकलवाया। वहीं ग्लास में लिखे सीजी गवर्नमेन्ट को भी निकलवा दिया। यातायात स्टाफ ने खिड़कियों की ग्लास में चढ़ी काली फिल्म को भी निकाल दिया। कार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालक को तत्काल ग्यारह सौ रूपये का चालान थमा दिया।

### कार्रवाई की गई : चंद्रा

यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने मीडिया को बताया कि शनिवार की रात्रि वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान लक्ष्मी निवास चौक में सीजी गवर्नमेन्ट लिखा व सायरन तथा बत्ती लगी इनोवा कार को रोककर चेक किया गया। जांच में पता चला कि उक्त कार रायपुर के किसी बैंक मैनेजर की है। मौके पर सायरन, बत्ती निकलवाकर चालक पर ग्यारह सौ रूपये की चालानी कार्रवाई की गई है।

### दिनभर निर्जला उपवास रखकर रात को करेंगी चंद्रमा का दीदार

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं आज रखेंगी करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख शांति की कामना को लेकर महिलाएं रविवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। दिनभर निर्जला उपवास रखकर रात को चंद्रमा का दीदार पश्चात पति का मुख दर्शन कर व्रत तोड़ेंगी। पं. सूरज प्रसाद तिवारी ने बताया कि करवा चौथ का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। इस वर्ष यह व्रत रविवार 20 अक्टूबर को रखा जाएगा। मान्यता के अनुसार करवा चौथ का व्रत अखंड सौभाग्य के लिए



रखा जाता है। इस व्रत को विधिपूर्वक करने से पति की आयु लंबी होती है। घर परिवार में सुख, शांति, खुशहाली आती है। इस व्रत में मुख्यतः भगवान शिव, पार्वती, गणेश और चंद्रमा की पूजा की जाती है।


सुहागिन महिलाएं राधादेवी साहू, लीना साहू, रीता साहू, प्रेमीन मारकंडे, रजनी विश्वकर्मा आदि ने बताया कि पति की दीर्घायु व सुख शांति के लिए वह श्रद्धा और आस्था के साथ हर साल व्रत रखती हैं। सुबह स्नान के बाद भगवान के समक्ष पूजापाठ करके व्रत का संकल्प लेती हैं। दिनभर निर्जला उपवास रखकर शाम को सोलह श्रृंगार के बाद चंद्र दर्शन व छलनी से पति का चेहरा देखकर व्रत खोलेंगी। चंद्र दर्शन के पूर्व विधि -विधान से करवा चौथ की पूजा करेंगी। कथा का पाठ करेंगी।

### व्रत के लिए यह हैं पूजन सामग्री

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि व्रत के पूजन के लिए करवा माता, गणेश की तस्वीर, शंकर पार्वती के लिए नए वस्त्र, मिट्टी का करवा, ढक्कन, थाली, छलनी, लकड़ी की चौकी, सोलह श्रृंगार सामग्री, कलश, दीपक, रूई की बाती, कपूर, अगरबत्ती, गेहूं, लहुआ, अठावरी, अक्षत, हल्दी, चंदन, फूल, पान का पत्ता, कच्चा दूध, दही, शक्कर, शहद, घी, रोली, कुमकुम, कलावा, मिठाई, लोटा, सिक्का, आरती कथा की पुस्तक आवश्यक है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

खबर संक्षेप





## संगम साहित्य ने लगाई पुरानी सामग्रियों की प्रदर्शनी

**मगरलोड।** संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति का 28 वां वार्षिक सम्मेलन संगम साहित्य भवन रामलीला मैदान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में



बैलगाड़ी, खुमरी, मोरा, धान की बाली, झूमर, चिमनी ,कमंडल, काठा, कुरो, मचोली, झांपी, घांघरा, गाड़ा ओंगन, ढोडी, तीर कमान, खड़ऊ, हाथी पांव कटोरा, जांता, टोकनी, चलनी, अलगोजवा, चकमक पत्थर की थैली, सिंघा, पैली, पैरा, धान की कोठी, तुमा केड़ूवा, चंगोरा, दूटी, खड़पड़ी, कौड़ी, कंडिल, ढेकी, खंजीरा, ढेरा, कुबरी, गोटानी, चिड़िया घोंसला की प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथि प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर संगम साहित्य के अनोखे संग्रहण की प्रशंसा की। ज्ञात हो कि संगम साहित्य द्वारा पुरातात्विक सामग्रियों को लंबे समय से सहेजकर रखा गया है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

### तीन-चार विदेशी शराब दुकान के साथ देशी शराब दुकान की कंपोजिंग

# सड़क किनारे शराब दुकान से बढ़ी दुर्घटना की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ब्लॉक मुख्यालय में शासकीय देशी विदेशी शराब दुकान संचालित है। देशी शराब दुकान मुख्यालय से एक किलोमीटर समीप 5-6 वर्षों से पंजीकृत स्थान पर संचालित है। इसी प्रकार ब्लॉक मुख्यालय के पूर्व भरदा मार्ग पर सड़क किनारे विदेशी शराब दुकान संचालित है।

मुख्यालय के पूर्व हृदय मार्ग पर सड़क किनारे विदेशी शराब दुकान के पास दूसरे काउंटर में देशी शराब की बिक्री 14 अक्टूबर से एक स्थान पर की जा रही है। इस प्रकार दो जगह देशी शराब की बिक्री हो रही है। भरदा मार्ग व्यस्तम मार्ग है। सड़क किनारे देशी विदेशी शराब दुकान होने से व मदिरा प्रेमियों की अत्यधिक भीड़ से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।



देशी शराब पंजीकृत स्थल के अलावा अन्य स्थल पर डबल काउंटर मार्च माह के पूर्व करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस विषय पर जिला अधिकारी पुरुषोत्तम सिन्हा से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में तीन -चार विदेशी शराब दुकान के साथ देशी शराब दुकानों को कंपोजिंग किया गया है।

शासन के निर्देश पर देशी शराब दुकान को कंपोजिंग किया गया है किंतु जनमानस की सुरक्षा खतरे में है। सड़क किनारे मदिरा प्रेमियों की ताबड़तोड़ भीड़ अनहोनी घटना को आमंत्रण देने के समान है। आबकारी अधिकारी द्वारा मात्र जिम्मेदारी निभाई जा रही है किंतु जनसुरक्षा के लिए स्थल निरीक्षण नहीं कर घोर लापरवाही है।


### स्थल का निरीक्षण किए बिना कंपोजिंग ठीक नहीं

ब्लॉक मुख्यालय में नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विदेशी शराब दुकान के पास देशी शराब दुकान को कंपोजिंग किए जाने की जानकारी नगर पंचायत अधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों को नहीं है। स्थल का बिना निरीक्षण किए कंपोजिंग करने से राहगीरों को दुर्घटना हो सकती है। जनहित में यह कार्य उचित नहीं है।

- **नीतू खिलावन साहू,** *अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड*

## कोर्रा में आज विचार संगोष्ठी

**अंवरी।** महात्मा गांधी युवा विचार संगठन और ब्लॉक भखारा के तत्वावधान में सभागार स्थल बाजार चौक कोर्रा में 20 अक्टूबर को सुबह 11 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन संघर्षों पर विचार संगोष्ठी



रखी गई है। सुबह 9 बजे राष्ट्रध्वज को सलामी देकर और महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण के बाद गांव का भ्रमण किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी विधानसभा होंगे। अध्यक्षता अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू करेंगे। विशेष अतिथि मोहन लालवानी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, शरद लोहाना अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, भरत नहर पूर्व अध्यक्ष नपं भखारा, श्रीमती तारिणी चंद्राकर, गोविंद साहू सभापति जिपं धमतरी, शारदा लोकनाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, रमेश पांडेय अधिवक्ता, चोवा राम साहू सरपंच कोर्रा, राजू साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा, देवव्रत साहू अध्यक्ष यूथ कांग्रेस विधानसभा कुरूद होंगे। कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मीकांत साहू ने संगोष्ठी में शामिल होने की अपील की है।

## अंचल की खबरें

### 20 बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई



**मगरलोड।** एंबिशन पब्लिक स्कूल मेघा में एक दिवसीय सिकलिन जांच शिविर का आयोजन हुआ। कक्षा नर्सरी से दसवीं के कुल 200 बच्चे सहित स्कूल स्टाफ की सिकल सेल जांच की गई। 20 बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई जिन्हें विशेष उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा में आने कहा गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डा. रूपेश साहू, ग्रामीण चिकित्सा सहायक भुवन साहू, लैब टेक्निशियन मिथिलेश साहू, स्कूल स्टॉफ से घनश्याम निषाद, डुमेश साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

- एंबिशन पब्लिक स्कूल में सिकलिन जांच शिविर लगा

### गरबा प्रतिभागियों का किया सम्मान



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के संरक्षण में नवरात्रि पर आयोजित रास गरबा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। मौके पर अभिषेकराव शिंदे, उषा साहू शिक्षिका, कोयल साहू, प्रकृति सोन, विक्कू साहू, सुधीर साहू, धनेंद्र साहू, चिराग सोन, प्रतीक तिवारी, यमन साहू उपस्थित थे।

### त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को दी हाथ घड़ी




**बगदेही (धमतरी)।** शिक्षण सत्र 2024-25 में आयोजित त्रैमासिक परीक्षा में कक्षा केजी वन से आठवीं तक प्रथम आने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार स्वरूप हाथ घड़ी प्रदान की गई। केजी वन से तनिष्क पटेल, केजी टू से गीतेश्वरी साहू, पहली से धारणा कुर्रे, दूसरी से पूर्वी पटेल, तीसरी से इशिका, चौथी से हर्षिता, पांचवीं से कुमकुम, छठवीं से मिताली बंजारे, सातवीं से अभय, आठवीं से खेमलता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी को हाथ घड़ी वितरण की गई। मौके पर संस्था प्रमुख एमके साहू, शिक्षिका टुपेश्वरी साहू, प्रेमलता साहू, खुशबू यादव, कौशिल्या चंदेल, लीलेश्वरी यादव, पूजा साहू, पूजा साहू, प्रियंका साहू, पायल साहू, लीना साहू एवं सुदामाराम यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्था प्रमुख ने अन्य बच्चों को भी अच्छी पढ़ाई करने की सलाह दी।

### निर्धन छात्र सहायता कोष से दी सहायता राशि



**कुरूद।** निर्धन छात्र सहायता कोष के सदस्यों ने कुरुद क्षेत्र की दो छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के लिए सहायता राशि प्रदान की। छात्रा श्वेता पिता पुरंजन सिन्हा सिवनीकला को एम. फार्मा के लिए और मानसी पिता महेश कुर्रे बगौद को बीए बीएड की पढ़ाई के लिए प्रत्येक को 25,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि इन छात्राओं को अपनी व्यावसायिक शिक्षा पूर्ण करने में मदद करेगी और उनके भविष्य को सशक्त बनाएगी। निर्धन छात्र सहायता कोष प्रमुख सदस्य वेदनाथ चंद्राकर ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंद छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। इस अवसर पर डीपी देवांगन, एनएल चंद्राकर, कुलेश्वर सिन्हा, धनेश्वर निर्मलकर, एनएस ध्रुव, अविनाश साहू, जुगलकिशोर साहू, श्रीमती विनीता साहू, दुविका ठाकुर, कविता नागवानी समेत अन्य सदस्यों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रामपुर स्कूल में हुई खो-खो स्पर्धा



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमवि रामपुर में खो- खो इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारों हाऊस के कैप्टन सोनी टंडन, रूपेश्वरी, यूनिता, डोमिन, नोमिका, निकिता, मारिया समेत छात्र -छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में हुई। कुल 8 मैच हुए। मार्चपास्ट और मास पीटी ड्रील प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। मौके पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस.अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत अनेक छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। स्कूल में प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग खेल का आयोजन किया जाता है।

## टीबी परीक्षण पर सीईओ से पिरामल टीम ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

जनपद पंचायत मगरलोड में एक उत्पादक बैठक आयोजित की गई जिसमें सीईओ रोहित बोर्झा और पंचायत निरीक्षक डीके भीमगंज शामिल हुए। इस बैठक में जनजातीय टीबी पहल और पिरामल टीम द्वारा मगरलोड ब्लॉक में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान ब्लॉक के सरपंचों, सचिवों और स्व सहायता समूह की महिलाओं को इस पहल का समर्थन करने के लिए पत्र जारी करने पर सहमति बनी। टीबी परीक्षण पर एक उत्साहपूर्ण चर्चा हुई। सीईओ ने नए विचारों और आगे बढ़ने के तरीकों के प्रति मजबूत समर्थन दिखाया। परिणामस्वरूप, सभी सरपंचों, सचिवों और स्वसहायता समूह की महिलाओं को पिरामल टीम का



समर्थन करने के लिए पत्र जारी किया गया। सीईओ ने पिरामल टीम को सभी सरपंचों और सचिवों के साथ बैठक आमंत्रित करने का आश्वासन दिया। इससे टीबी मुक्त पंचायतों और टीबी परीक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इसके अलावा जनपद पंचायत से आवश्यक डेटा भी एकत्रित किया गया।

## नगर साहू समाज ने मां कर्मा की मूर्ति स्थापित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

वार्ड क्रमांक 8 में नगर साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि कर्मा माता की मूर्ति स्थापना की गई। ज्ञात हो कि कर्मा सामुदायिक भवन नगरी में मंदिर निर्माण किया गया है। यहां विधि -विधान से कर्मा माता की मूर्ति स्थापित की गई। रात्रि में नवयुवक रामायण मंडली लाइनपारा नगरी का रामायण पाठ हुआ।

मौके पर नगर साहू समाज अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, उपाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, सहसचिव हरीश साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष छवि नारायण साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ रूपेंद्र साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुभाष साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनुसुइया साहू, तहसील साहू समाज नगरी के संरक्षक पुनीतराम साहू, अध्यक्ष कंवल राम साहू, उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू, महासचिव





पादुमलाल साहू, संचालक मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू, सचिव भरतलाल साहू, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भूपेंद्र साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष दिनेश साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष तामेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष चेलेश्वरी साहू, महासभा सदस्य रामरतन साहू, नोहरसिंह साहू, प्रेमलाल साहू, कुंतीबाई साहू, सीताबाई साहू उपस्थित थे।

## वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए एक करोड़ की घोषणा



प्रभारी मंत्री टंकराम ने करेली छोटी आगमन पर बाढ़ आपदा प्रबंधन मद से शीघ्र निर्माण कराने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

मेघा महानदी पुल में दरार, पुल का पिल्लर टूटने से 21 सितंबर से आवागमन बंद कर दिया गया है। इससे मगरलोड क्षेत्रवासियों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। 17 अक्टूबर को राजस्व व आपदा प्रबंधन, खेलकूद युवा कल्याण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा का मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेली छोटी में आगमन हुआ था। ग्राम पंचायत मेघा सरपंच ने एनीकट पहुंच मार्ग की मरम्मत राशि स्वीकृति कराने तथा वैकल्पिक मार्ग की मांग की।

श्री वर्मा ने मामले को गंभीरता से सुनने के बाद जनहित में वैकल्पिक मार्ग हेतु आपदा प्रबंधन के तहत एक करोड़ रूपये की घोषणा की। वैकल्पिक मार्ग निर्माण करने सेतु निगम मंडल के इंजीनियरों की टीम द्वारा स्टीमेट तैयार किया जा चुका है। किंतु राशि स्वीकृत नहीं होने की वजह से एक माह बीतने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। प्रभारी मंत्री के आदेश पश्चात वैकल्पिक मार्ग निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र होगी।

## शरद पूर्णिमा पर हुआ चौमासा रामायण का समापन

- सिर्री में सत्संग समिति पिछले 14 वर्षों से कर रही आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम सिर्री की सत्संग समिति द्वारा आषाढ़, सावन, भादो, क्वांर चार माह तक रामायण पाठ सहित श्रीराम भजन कीर्तन पूर्व सरपंच सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता के निवास स्थान में किया जाता है। बीते 14 वर्षों से यह चौमासा संध्या रामायण सिर्री में सत्संग समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है जिसका समापन शरद पूर्णिमा के दिन हुआ। व्याख्याकार वेदप्रकाश साहू डोटोपार, तबला वादक टुकेश यादव थूहा, गायन में विरेंद्र साहू, गुलज़ारी बैंस, डॉ. किरण भखारा सहित देवराम कलिहारी, राकेश, संतोष, देवेंद्र का सहयोग रहा। व्याख्याकार ने रामायण के लंका कांड की विस्तार से व्याख्या की।

समापन कार्यक्रम में रघुनंदन साहू पूर्व जिपं अध्यक्ष शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ग्राम सिर्री धार्मिक कार्यों में हमेशा से ही अग्रणी रहा है। यहां पूरे वर्ष भर व्यक्तिगत या





सार्वजनिक धार्मिक आयोजन जारी रहता है। इसी कारण इसे ऋषिग्राम के नाम से भी जाना जाता है। मौके पर सत्संग समिति ने ग्राम के वरिष्ठजनों एवं पत्रकार पामेश देवांगन, रामनाथ शर्मा का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया। आभार व्यक्त रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री ने किया। सौहेंद्रसिंह गुरुदत्ता, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, ग्राम पटेला सालिकराम साहू, सुनील सेन, गुल्फ़ीराम साहू पूर्व अध्यक्ष साहू समाज सिर्री, घसिया पटेल, तुलाराम साहू, रमेश त्रिपाठी, कुलेश्वर सिन्हा, श्यामलाल साहू, जोहत साहू ने प्रतिदिन रामायण पाठ किया।

मौके पर बसंत साहू पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष चिंवरी, हरेंद्र साहू सरपंच प्रतिनिधि चिंवरी, प्रेमलाल साहू, जसबीर सिंह गुरुदत्ता, टीकाराम सिन्हा, केशर सिन्हा, पीलाराम साहू, घनश्याम साहू, शिवशंकर साहू, सीतेश्वर सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, कलीराम ध्रुव, डीहू तारक, भूपेंद्र साहू, पोषण तारक, रोशन विश्वकर्मा, चंद्रकांत देवांगन, राधेरमन साहू, रायसिंग, दुर्गा साहू, विक्रम साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान की थी मांग

# उपस्वास्थ्य केंद्र रिसगांव को मिली नई एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड के दूरस्थ घनघोर क्षेत्र रिसगांव, आमाबाहरा में 10 अक्टूबर को भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस समेत अनेक भाजपाई मौजूद थे। उन्होंने ग्रामीणों को भाजपा की रीति-नीति से ग्रामीणों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि मरीजों को एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से काफी परेशानी होती है। श्री रोहरा, श्री बैस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल को मोबाइल से वनांचल के ग्रामीणों की समस्याएं बताई। मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने नई एंबुलेंस स्वीकृति



दी। उनके इस प्रयास से उपस्वास्थ्य केन्द्र रिसगांव को एक नई एंबुलेंस मिली है । इससे मरीजों को 24 घंटे सेवा मिल रही है। नई एंबुलेंस मिलने से सरपंच रिसगांव ममता अग्रवानी, सरपंच करही योगेश, जनपद सदस्य बीरबल पदमाकर, राकेश, कोमल, बुधलाल, बीरेंद्र, भगत, बीरसिंग, जयनंद, बिसाखा बाई, विजय सोमनाथ सहित रिसगांव क्षेत्र के लोगों ने आभार व्यक्त किया है।

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

कातलबोड़ में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

# समाज में बदलाव लाने के तरीकों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरुघासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कातलबोड़ में आयोजित है। शिविर के द्वितीय दिवस प्रातः काल उठकर शिविरार्थियों ने प्रभातफेरी निकलते हुए गांव का भ्रमण किया। नारे लगाकर ग्रामवासियों को

स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षक, एकता के प्रति जागरूक किया। आर्ट ऑफ लिविंग के परशुराम निर्मलकर एवं श्रीमती मीरा निर्मलकर ने शिविरार्थियों को योगाभ्यास कराया। परियोजना कार्य अंतर्गत गांव के मुख्य चौक-चौराहों, सड़कों, गलियों, नलियों, माध्यमिक विद्यालय की सफाई की गई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महिला सशक्तिकरण विषय पर बौद्धिक परिचर्चा हुई। मुख्य वक्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं, महिला सशक्तिकरण के लिए समाज में बदलाव लाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक स्थिति को सुधारने के उपाय पर प्रकाश डाला। मंच संचालन मनीषा तथा बिंदु ने किया। कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले ने कार्यक्रम का समापन किया। संध्या मेंशिविरार्थियों ने देशी खेल का आयोजन किया। ग्राम संपर्क के दौरान फसल चक्र पर सर्वे किया।

# नर्सिंग छात्रों को दी साइबर अपराध की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा में एक दिवसीय साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। पुलिस ने विद्यार्थियों को कैश बैक फ्रॉड, सोशल मीडिया चैटिंग फ्रॉड, ऑनलाइन डिलीवरी, ऑनलाइन लोन, क्रेडिट एवं केवाईसी, वायरल वीडियो, अनजान एप लिंक से संबंधित होने वाले फ्रॉड एवं इससे बचाव की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार लाल, प्राचार्या श्रीमती जे. एस. मसीह, शिक्षकगण तराना सिंह, गौरव कैल्विन, याशिका, मितेश मसीह, दामिनी तिवारी, देवेश साहू समेत अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक भवन एवं व्यायाम शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण

■ वार्ड के लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : विजय देवांगन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बनियापारा वार्ड में सामुदायिक भवन एवं व्यायाम शाला भवन में अतिरिक्त कक्ष निमार्ण का लोकार्पण मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन, लोकनिर्माण विभाग अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वार्ड पार्षद ममता योगेश शर्मा, पार्षद नीलू पवार ने किया। इस अवसर पर

महापौर श्री देवांगन ने कहा कि यह सामुदायिक भवन स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, जहां सांस्कृतिक, सामाजिक,धार्मिक सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। यह भवन न केवल सामाजिक मेलजोल का स्थान होगा, बल्कि इसमें शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया जा सकेगा।

महापौर ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर वार्ड के लोगों को उनके आसपास सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। यह भवन वार्डवासियों को समर्पित है और हम आशा करते हैं कि यहां आयोजित कार्यक्रमों से समुदाय में एकजुटता और सहयोग बढ़ेगा।

वार्ड पार्षद ममता शर्मा ने कहा कि यह भवन बनियापारा वार्ड सहित आसपास रहवासियों के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह भवन केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि यह समाज के विकास का प्रतीक है। उन्होंने वार्ड के लोगों से अपील की कि वे इस भवन का सदुपयोग करें और इसे एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए सहयोग दें।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड के वरिष्ठजनों ने भी अपनी बात रखी। कहा कि इस तरह की पहल से स्थानीय समुदाय को एकजुट करने में मदद मिलेगी। सामुदायिक भवन में होने वाले कार्यक्रम से लोगों के बीच संवाद बढ़ेगा और सामूहिक समस्याओं का समाधान भी संभव होग। इस भवन में बैठक कक्ष, सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए हॉल बनाया गया है। यह भवन तकनीकी सुविधाओं से लैस है।

मौके पर राधाबाई यादव, रमिति सोनी ,जानकी बाई सोनी, कुसुन ढीमर , दशमत पटेल, त्रिवेणी पटेल, बिंदा बाई, राम कुमारी सिंह, संतोष साहू, गणेश साहू, राजेश ढीमर, सोहन ढीमर, मोंटू सोनी, स्वप्निल मिश्रा, रवि सोनी, श्रीकांत पटेल, राहुल यादव, डेमिन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# वाल्मिकी प्रतिमा का दूध, जल से किया अभिषेक




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ समाजजनों ने धूमधाम से मनाई जयंती

इस वर्ष भी वाल्मिकी समाज धमतरी द्वारा वाल्मिकी जयंती धूमधाम से मनाई गई । सुबह जालमपुर स्थित महर्षि वाल्मीकी चौक में वाल्मिकी प्रतिमा का दूध, जल से अभिषेक समाज प्रमुखों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सासंद प्रतिनिधि के तौर पर भाजपा नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, धनीराम सोनकर, अखिलेश सोनकर, पूर्व पार्षद अनीता सोनकर ने समाज को सम्बोधित किया। विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, राजेश पाण्डेय, कमलेश सोनकर ,संजय डागौर प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा, ज्योति वाल्मिकी ने विंध्यवासिनी वार्ड स्थित नवनिर्मित वाल्मिकी भवन का लोकार्पण किया। मौके पर अविनाश मारोठे, नरेंद्र चौहान, सुदेश सारसर, सुरमुख चौहान, रामकुमार कछवाह, पवन वाल्मिकी, त्रिलोक ऐदवान, विकास वाल्मिकी, विक्की वाल्मिकी समेत अन्य उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका गायत्री को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शिक्षिका गायत्री क्षत्रिय के सेवानिवृत्त होने पर शासकीय कन्या प्राथमिक शाला आमदी में विदाई समारोह रखा गया। समारोह की मुख्य अतिथि गायत्री क्षत्रिय थीं। अध्यक्षता बुधराम ढीमर अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति ने की। विशिष्ट अतिथि हेमन्त माला अध्यक्ष नगर पंचायत, तेजराम साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत, मनोज साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, अनीता ध्रुव पार्षद, सरोज साहू उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, प्रधानपठिका तृप्ति रानी मंडावी थे। बच्चों द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया।अतिथियों ने शिक्षिका गायत्री के कार्यों एवं विद्यालय के प्रति समर्पण, अनुभव को याद किया।

मुख्य अतिथि गायत्री ने अपने जीवनकाल के शिक्षिकीय अनुभवों को साझा किया।कार्यक्रम का संचालन छात्र महेंद्र साहू ने किया। आयोजन में शिक्षक कीर्ति बारले, सूर्यकांत उइके, रेखा देवांगन, गीता साहू रसोइया, मुकेश्वरी साहू स्वीपर का योगदान रहा। मौके पर पालकगण, शाला प्रबन्धन समिति के सदस्य व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# अंजुमन स्कूल में हुई निबंध एवं चित्रकला स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल में 2 से 8 अक्टूबर तक महानिषेध सप्ताह मनाया गया। जिसमें नशा छोड़ो बोतल तोड़ो घर जोड़ो मुहिम के तहत शाला स्तर पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता जन एकता फाउंडेशन रायपुर की ओर से रखी गई। निबंध प्रतियोगिता में सबा नूरी, जीनत अंजुम एवं चित्रकला प्रतियोगिता में सिमरन बानो, जान्हवी मारकण्डे, सबा नूरी, रूही परवीन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया तालीम कमेटी के अध्यक्ष हाजी मो. तसनीम खान, प्रशासक सैयद असदुल हुसैन, प्राचार्य शबाना खान, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान समेत शाला के शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने आयोजित किया वर्षावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व में इस साल भी वर्षावास रखा गया। समापन अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला वार्ड धमतरी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद अजय देशलहरे थे। पार्षद ने कहा कि बौद्ध धर्म में वर्षावास का विशेष महत्व है। इसका प्रारंभ बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध ने किया था। बुद्ध ने कहा था कि वर्षाकाल में गांवों में भिक्षाटन के लिए नहीं जाएं क्योंकि भिक्षुओं के समूह में चलने से कृषि को काफी नुकसान हो सकता है। इस दौरान भिक्षु बौद्ध धर्म की बारीकियों का अध्ययन करते हैं। आषाढ़ पूर्णिमा से आश्विन पूर्णिमा तक किसी एक ही विहार में रहने का संकल्प लेते हैं। वर्षावास काल समाप्त होने के बाद बौद्ध मंदिरों में कठिन चीवरदान की परंपरा की शुरूआत होगी जो एक माह तक विभिन्न बौद्ध मठों में चलेगी। जिला अध्यक्ष श्री मेश्राम ने वर्षावास के बारे में बताया कि वर्षावास काल व्यतीत करने वाले भिक्षु एक ही स्थान पर रहकर ध्यान-साधना और पूजा-अर्चना करते हैं। भिक्षु विचरण नहीं करते। एक स्थान पर रहकर बुद्ध के करुणा, शील और त्याग के सिद्धांतों का पूर्णरूपेण पालन करना होता है। अपना सारा समय लोगों की भलाई और तपस्या में लगाना होता है। विचरण न करने के पीछे मान्यता है कि वर्षा ऋतु में कई तरह के छोटे-छोटे जीव जन्म लेते हैं, जो विचरण करने से पैर से दब सकते हैं। इससे जीव की हत्या होती है। इससे बचने के लिए तीन माह वर्षावास व्यतीत किया जाता है। कई देशों के बौद्ध मठों में बौद्ध भिक्षु वर्षावास व्यतीत करने आते हैं।

मौके पर बीआर कुटारे, हेमंत रामटेके, श्रवण रंगारे, खगेंद्र कुटारे, राकेश वैद्य, उमाकांत वैद्य, संजय गजबिए, दिनेश रामटेके, लाला राम वैद्य, विजेंद्र रामटेके, दीपक सहारे, दिनेश रंगारी, सतीश रंगारी, संतोष नंदेश्वर, महिला समिति की जिला अध्यक्ष श्रीमती वर्षा वैद्य, सुनीता गजबिए, रोमी गजबिए, नम्रता कुटारे, सुनीता गजबिए, हिना उइके, वर्षा नंदेश्वर, संध्या मेश्राम उपस्थित थे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

विप्र विद्वत परिषद ने 1 नवम्बर को दिवाली मनाने का किया आग्रह

# लक्ष्मी पूजन की तारीख को लेकर संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस बार दीपावली यानी लक्ष्मी पूजन की तारीख को लेकर संशय की स्थिति है। दीपावली का त्योहार 31 को मनाये या 1 नवम्बर को। विद्वान और ज्योतिष अपना- अपना मत बता रहे हैं। विदित हो कि दीपावली हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार है। रोशनी के इस त्योहार का लोगों को साल भर इंतजार रहता है। बता दें कि दिवाली अमावस्या को मनाई जाती है। शास्त्रों के अनुसार 31 अक्टूबर को अमावस्या तिथि दिन में 2:40 बजे लग रही है। 1 नवम्बर की शाम को अमावस्या नहीं है। त्योहार के समय अमावस्या तिथि का होना आवश्यक है। अन्य ज्योतिषियों का कहना है कि 1 नवम्बर को दीपावली मनाना शुभ है। तिथि निर्धारण में मंतातर का विषय होने से आम आदमी संशय की स्थिति में है।

विप्र विद्वत परिषद के विद्वानों का कहना है कि छग में देवपंचांग पौराणिक धर्म ग्रंथ निर्णय सिंधु व धर्म सिंधु के अनुसार प्रदोष व्यापिनी कार्तिक अमावस्या को दीपावली मनाने का निर्देश है। इस वर्ष अमावस्या 31 अक्टूबर को दिन में 3:53 मिनट से प्रारंभ होकर 1 नवम्बर को संध्या 6:17 तक रहेगी। धर्म सिंधु के मतानुसार जिस दिन उदय व्यापिनी अमावस्या प्रदोष काल 1 घड़ी अर्थात 24 मिनट के लिए भी विद्यमान हो तो उस दिन दीपावली पूजन के लिए ग्राह्य प्रशस्त है। जबकि 31 अक्टूबर को



पूर्णतया प्रदोष को व्याप्त कर रही है। यदि दो दिन अमावस्या तिथि प्रदोष व्यापिनी हो तो दूसरे दिन लक्ष्मी पूजन श्रेयस्कर रहेगा। इस वर्ष दीपावली लक्ष्मी पूजन छत्तीसगढ़ में 1 नवम्बर शुक्रवार को मनाया जाएगा। 2 नवम्बर शनिवार को गोवर्धन पूजा, अन्नकूट मनाया जाएगा। देश के कुछ भाग पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, पश्चिमी महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल आदि राज्यों में जहां प्रदोष काल एक घड़ी 24 मिनट से कम होगा वहां 31 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। पर्व अपने राज्यों के अनुसार मनाया जाएगा।

### दीपावली 31 अक्टूबर को मनाना श्रेयस्कर : पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी



ज्योतिषाचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार एवं ज्योतिष गणना के मुताबिक धनतेरस मंगलवार 29 अक्टूबर को, नरक चतुर्दशी 30 अक्टूबर बुधवार को तथा दीपावली महालक्ष्मी, कुबेर, गणेश, सरस्वती पूजन की शुभ तिथि 31 अक्टूबर गुरूवार को है। अतः इस दिन दीपावली मनाना श्रेयस्कर है। 1 नवम्बर को श्राद्ध अमावस्या है। अन्नकूट गोवर्धन पूजा 2 नवम्बर को तथा भाई दूज 3 नवम्बर को मनाया जाना उचित है।

छत्तीसगढ़ राज्य में दीपावली 1 नवम्बर शुक्रवार को मनाई जाएगी। विप्र परिषद ने सनातन धर्मियों हिन्दुओं से आग्रह किया है कि दी गई तिथियों के अनुसार दीपावली मनाएं। पर्व को लेकर किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति में न रहें। बैठक में विप्र परिषद के अशोक पांडे, राजकुमार तिवारी, पं. घनश्याम द्विवेदी, सूरज तिवारी, लोकेश उपाध्याय, जितेश तिवारी, श्रीकांत तिवारी, दीनानाथ पांडे, खेमराज तिवारी, महेन्द्र तिवारी, रामचरण मिश्रा, नरेश पांडे, चिंतामणी त्रिपाठी, बालेंद्र पांडे, राजा तिवारी, संदीप दुबे आदि मौजूद थे।

# विधायक ओंकार ने शहीद टकेश्वर को दी श्रद्धांजलि

परिजनों से बात करते हुए भावुक




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने शहीद टकेश्वर निषाद के गृह ग्राम जवरगांव पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभा में बलिदान जवान के छायाचित्र पर पीला चावल व पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर शहीद जवानों के परिजन भी मौजूद रहे। मौके पर विधायक श्री साहू ने कहा कि शहीद टकेश्वर निषाद का कम उम्र में इस दुनिया से चला जाना परिवार व पूरे देश के लिए दुखद क्षण है। टकेश्वर निषाद शुरू से ही खेल में रुचि रखते थे चाहे वह कबड्डी का खेल हो या क्रिकेट का खेल हो। जब वे छुट्टी के दौरान जवरगांव आते थे तब गांव के युवाओं के साथ कबड्डी व क्रिकेट खेलते थे। विधायक ने आगे कहा कि वह इस गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनसे प्रेरणा लेकर जवरगांव के अन्य युवा भी सेना में गये हैं। उनके बलिदान को हमारा धमतरी क्षेत्र हमेशा याद करेगा। ग्रामीणों ने बताया कि टकेश्वर निषाद बचपन से ही मेहनती व देश के लिए कुछ करने की ललक रखता था।

# कालेज छात्रों ने किया राइस मिल का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के वाणिज्य संकाय के एमकाम के छात्रों ने विजय केला की राइस मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया। लगभग 50 छात्रों ने राइस मिल की मिलिंग से लेकर राइस मिल के विपणन, परिवहन तक की पूरी प्रक्रियाओं का अध्ययन किया। मिल के संचालक विजय केला ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प कर पूरी मेहनत लगानी है। केवल नौकरी के पीछे न जाकर स्वयं का व्यवसाय भी किया जा सकता है और सफल हो सकते हैं। छात्रों ने उनसे कई सवाल किए। यह आयोजन महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर के सहयोग एवं डा. एनके मेश्राम तथा पवन ताम्रकार के मार्गदर्शन में हुआ। निश्चित ही ऐसे भ्रमण कार्यक्रम से छात्रों में उद्यमिता की भावना विकसित होगी।

# लोहाना ने मोतियाबिंद के मरीजों से जाना हालचाल

**धमतरी।** कुछ दिन पूर्व मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीजों कीं आंखों में इंफेक्शन हो गया। इसकी जानकारी होने पर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों से उनका हाल-चाल जाना। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री लोहाना ने इस तरह की घटना के लिए जिला अस्पताल पर लापरवाही करने का आरोप



लगाते हुए राज्य सरकार की लचर व्यवस्था को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार में गरीबों का शोषण हो रहा है। इस अवसर पर उनके साथ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन एवं अन्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि 17 मरीजों का ऑपरेशन हुआ था जिसमें 5 मरीजों की आंखों में इंफेक्शन हो गया था।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

